केवल आप के लिये
गांव–गांव शहर–शहर देश दुनियां में अपनों तक पहुंचाना है तो :भारतीय बस्ती दैनिक वेब
www.bhartiyabasti.com
और उसका छपा संस्करण
सबसे बेहतर माध्यम
सम्पर्क–bhartiyabasti@gmail.com
मो0 9450567450| 9336715406

# दैनिक भारतीय बस्ती

भारतीय बस्ती
www.bhartiyabasti.com
के लिये विज्ञापन बुक कराये।
विचार, प्रचार का सशक्त माध्यम
सम्पर्क
मो0 9450567450
9336715406

भारतीय बस्ती आमंत्रण मूल्य 2रूपया

R.N.I. 38784/81 डाक पंजीकरण सं0 B.S.T 59 बस्ती, वर्ष :46 अंक 119 शुक्रवार 22 नवम्बर 2024 (बस्ती संस्करण) बस्ती एवं अयोध्या–फैजाबाद से एक साथ प्रकाशित पृष्ठ :4मूल्य:3.00 रुपया www.bhartiyabasti.com

## एक नजर

### 419 क्विंटल चावल लेकर निकला ट्रक, हो गया लापता

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। वाल्टरगंज पुलिस ने 419 क्विंटल चावल हड़पने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। आरोप है कि चावल लादकर थानाक्षेत्र के गाऊखोर में स्थित एक राइस मिल से निकला ट्रक चार दिन बाद भी गन्तव्य तक नहीं पहुंचा। काफी प्रयास के बाद भी ट्रक व उससे जुड़ी कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुरानी बस्ती के पांडेय बाजार निवासी मिल मालिक उमाशंकर गुप्ता ने तहरीर में बताया कि गत सात नवंबर को उनके राइस मिल से एक ट्रक पर 1615 बोरी चावल (वजन 419.90 घक्विंटल) लादकर गंगारामपुर पश्चिम बंगाल जाने के लिए निकला था। पांच दिन बाद भी चावल पश्चिम बंगाल नहीं पहुंचा। इस बारे में जब ट्रक के चालक से बात हुई तो उसने बताया कि उससे आठ नवंबर को ही मालिक ने चावल सहित ट्रक दूसरे चालक को देकर हमें ट्रक से उतार दिया था। इसके बाद राइस मिल के मालिक ने ट्रक मालिक से फोन करके जानकारी चाहा, लेकिन उससे संपर्क नहीं हुआ। मिल मालिक ने ट्रांसपोर्ट के मालिक से फोन पर बात किया तो उसने बताया कि हमें इसकी कोई जानकारी नहीं है। उन्हें शक है कि ट्रांसपोर्टर, ट्रक मालिक एवं ड्राइवर ने मिलकर चावल को हड़प लिया है। प्रभारी निरीक्षक मोतीचंद ने बताया कि मामले में तहरीर के आधार पर अशोक जायसवाल ट्रांसपोर्ट मालिक निवासी ट्रांसपोर्ट नगर गोरखपुर, मोहम्मद इब्राहिम निवासी बड़हरा बराईपुर महाराजगंज और घनश्याम जायसवाल निवासी बेलवा रामजस दुबे कुशीनगर के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

### केमिकलयुक्त जूस पिला रहे दुकानदार

–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरों ने मिलावट का नया तरीका खोज लिया है। पहले मिठाई, पनीर, खोवा आदि में मिलावट का खेल चल रहा, अब जूस में हानिकारक मिलावट करके लोगों की सेहत बिगाड़ा जा रहा है। कुछ ऐसा ही मामला सामने आया है। सोशल मीडिया पर वॉयरल एक वीडियो ने बस्ती शहर में हड़कंप मचा दिया है। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि पटेल चौक के पास एक पटरी दुकानदार ने अपनी फ्रूट्स व जूस् कार्नर की दुकान पर केमिकल मिलाकर लोगों को जूस पिला रहा है। यह मिलावट अनार की जूस में किया जा रहा है। दुकान पर ग्राहक पहुंचते हैं। उससे अनार जूस पिलाने के लिए ऑर्डर करते हैं। इसी बीच झट से अनार का जूस पहले से केमिकल मिलाकर बनाकर रखा था, निकाल कर दिया। कलर देखकर ग्राहकों को जूस संदिग्ध दिखा तो पड़ताल करने लगे। पता चला कि दुकान में पहले से एक भगोने में केमिकल मिलाकर जूस तैयार किया था, उसमें कुछ अनार के दाने भी दिखे। यह देखकर ग्राहक परेशान हो गए। दुकानदार से पूछताछ किए तो वह मुनाफे के लिए यह कार्य करने की बात कबूली। बताया गया कि हापुड़ से आया है। यहीं पर दुकान लगाता है। बताया कि एक डिब्बे में 50 से अधिक गिलास अनार जूस तैयार हो जाता है। उसमें कुछ अनार भी रहता हे। वहीं इस मामले से खाद्य सुरक्षा एंव औषधि प्रशासन अनजान बना हुआ है। लोगों की सेहत बिगड़ रही और अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं। वहीं तुर्कहिया गली के पास एक और जूस वाले के कारनामे की शिकायत लोगों ने की है। बताया कि मौसमी जूस में पानी मिलाकर देता है। मिलावट होने पर शिकायत करने पर दुकानदार झगड़ता है।

जिला अभिहित अधिकारी धर्मराज मिश्रा ने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। टीम भेजकर सभी ठेले और पटरी पर जूस बेचने वाले के खिलाफ अभियान चलाकर जांच कराई जाएगी। मिलावट कर जूस बेचना गलत है। लोगों की सेहत के प्रति विभाग सजग है।

## यूपी में द साबरमती रिपोर्ट फिल्म टैक्स फ्री



लखनऊ (आभा)। गोधरा कांड पर बनी फिल्म 'द साबरमती रिपोर्ट' उत्तरप्रदेश में टैक्स फ्री हो गई है। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को मंत्रिमंडल के सहयोगियों के साथ लखनऊ के प्लासियो मॉल में फिल्म देखी और टैक्स फ्री करने का ऐलान किया। इस दौरान फिल्म के कलाकार और इससे जुड़े लोग भी मौजूद रहे। सीएम योगी ने यह भी बताया कि क्यों फिल्म को टैक्स फ्री किया गया है। सीएम योगी ने कहा कि हर भारतीय को यह फिल्म देखनी चाहिए और देश व समाज में वैमनस्यता पैदा कर रहे लोगों को एक्सपोज करना चाहिए। उस सच्चाई के पास जाने का प्रयास करना चाहिए, जो लोग राजनीतिक स्वार्थ के लिए वैमनस्यता पैदा कर रहे हैं, उन्हें पहचानना चाहिए और सभी के सामने उन्हें एक्सपोज करने की आवश्यकता है।

सीएम योगी ने कहा कि गोधरा की सच्चाई को देश के सामने लाने का विक्रांत मैसी की टीम ने अपनी कला के माध्यम से अपने राष्ट्रीय कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए सराहनीय प्रयास किया है। यूपी और यहां के लोगों की तरफ से उनका अभिनंदन करता हूं। जो लोग अक्सर सत्य पर पर्दा डालने का प्रयास करते हैं, देश और समाज के खिलाफ षड्यंत्र करते हैं, लेकिन फिल्म के माध्यम से द साबरमती रिपोर्ट ने उस सच्चाई को सामने लाने का प्रयास किया है।

योगी ने कहा कि सभी को पता है कि साबरमती एक्सप्रेस से अयोध्या से गुजरात वापस जा रहे कारसेवकों के साथ गोधरा स्टेशन के बाद जो कुछ भी हुआ था, उस सच्चाई को झुठलाने का प्रयास हो रहा था। वह सच्चाई सामने आई है। उस सच्चाई को बहुत से लोग आज भी झुठलाते हैं। उन्हें एक्सपोज करने की आवश्यकता है। यह एक साहसिक प्रयास फिल्म के माध्यम से हुआ है। इस तरह का प्रयास हर उस घटना के प्रति होना चाहिए जो देश, समाज और सरकार के खिलाफ वैमनस्यता पैदा करने के लिए अक्सर जिम्मेदार स्तंभों के स्तर पर होता है। ऐसे लोगों को सार्वजनिक रूप से एक्सपोज करने की आवश्यकता है। सीएम योगी ने कहा कि यह अयोध्या से जुड़ा मामला था। यह श्रीरामजन्म भूमि मंदिर निर्माण से संबंधित कारसेवकों और इस पूरे अभियान को पूर्णाहुति तक पहुंचाने का हिस्सा था। यह फिल्म इस अवसर पर और भी आवश्यक है कि जब सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर पीएम मोदी के नेतृत्व में मंदिर बन चुका है और रामलला विराजमान हो चुके है। पूरा देश और दुनिया इस अद्भुत घटना का साक्षी बना है।

## बच्चों से जुड़ी प्राथमिकताओं पर संगोष्ठी में विमर्श



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । मंडलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में बच्चों से जुड़ी प्राथमिकताएँ एवं उपलब्धियों पर एक मण्डल स्तरीय संगोष्ठी का आयोजन विश्व बाल दिवस के उपलक्ष में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुआ। यह संगोष्ठी संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार समझौते (यू एन सीआरसी) के 35 वर्ष और यूनिसेफ के भारत में 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, संतकबीर नगर महेन्द्र सिंह तंवर एवं सिद्धार्थनगर राजा गड़पति आर तथा मुख्य विकास अधिकारियों समेत मण्डल स्तरीय अधिकारियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

बैठक का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण और समावेशी विकास से सम्बन्धित चुनौतियों एवं प्राथमिकताओं की पहचान करना एवं लिंग और समानता जैसे विषयों पर ध्यान केंद्रित करते हुए अंतिम छोर के बच्चों के लिए परिणामों में तेजी लाने के लिए सभी हितधारकों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना है।

उन्होंने महिलाओं एवं बच्चों के पोषण पर विशेष जोर दिया और कहा, "अनिमिया की रोकथाम हमारी प्राथमिकता होना चाहिए। हमे इलाज से अधिक बचाव पर ध्यान देना होगा, जिसके लिए महिलाओं और बच्चों हेतु उचित पोषण सुनिश्चित करना होगा। उन्होने बच्चों के बाल अधिकार एवं विकास के बारे मे विस्तार से बताया एवं समस्त स्कूल में बाल अधिकार एवं विकास की गोष्ठी आयोजन का सुझाव दिया। उन्होने यह भी बताया कि बच्चों को बाल कर्तव्य के बारे मे भी बताया जाना सुनिश्चित किया जाए।

मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आर. एस. दुबे ने बताया कि बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य एवं विकास के लिए पोषण को बढवा देने के लिए स्कूलों मे जागरूता को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। यूनिसेफ उत्तर प्रदेश हेल्थ ऑफिसर डॉ. निर्मल सिंह ने विश्व बाल दिवस की बधाई दी। उन्होंने कहा, "यूनिसेफ, उत्तर प्रदेश में सरकार व सभी हितधारकों के साथ मिलकर बच्चों के स्वास्थ्य, शिक्षा, सुरक्षा एवं सहभागिता के अधिकारों को सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। 'हर बच्चे को हर अधिकार' की परिकल्पना सबके सम्मिलित और सार्थक प्रयासों से हो, संभव है और इसलिए मंडलयुक्त एवं सभी जिलाधिकारियों का प्रभावी नेतृत्व और सतत् समीक्षा अत्यंत आवश्यक और सराहनीय है।

संगोष्ठी में संयुक्त विकास आयुक्त संत कुमार, उप निदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, अपर निदेशक स्वास्थ्य विनीत राय वर्मा एवं समस्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी, मंडलीय/जनपदीय यूनिसेफ समन्वयक, अपर निदेशक शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण, उप निदेशक कृषि आदि संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## केन्या ने अदाणी समूह के साथ जुड़ा समझौता रद्द किया



नई दिल्ली (आभा)। केन्या के राष्ट्रपति विलियम रुटो ने गुरुवार को बताया कि उन्होंने अदाणी समूह के साथ हुए उस समझैते को रद्द करने का आदेश दिया है, जिसके तहत देश के मुख्य हवाई अड्डे का नियंत्रण भारतीय समूह सौंप दिया जाना था। केन्या ने यह फैसला कंपनी के संस्थापक पर अमेरिका में अभियोग लगाए जाने के बाद किया गया।

रुटो ने कहा कि उन्होंने ऊर्जा मंत्रालय की ओर से पिछले महीने अदाणी समूह की एक इकाई के साथ विद्युत वितरण लाइनों के निर्माण के लिए 736 मिलियन डॉलर के सार्वजनिक–निजी भागीदारी समझौते जिसकी मियाद 30 वर्ष थी, को भी रद्द करने का निर्देश दिया है।

## शिक्षकों को दिया सुरक्षा, संरक्षा आधारित तीन दिवसीय प्रशिक्षण



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती। जिला शिक्षा व प्रशिक्षण संस्थान में चल रहे तीन दिवसीय सुरक्षा, संरक्षा और आवश्यकता आधारित प्रशिक्षण गुरुवार को संपन्न हुआ। डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ल ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाणपत्र देते हुए कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास ही बेसिक शिक्षा का मुख्य उद्देश्य है। जिसमें आप सभी शिक्षकों की अहम भूमिका है। कहा कि इस प्रशिक्षण द्वारा हम स्वयं और बच्चों को सुरक्षा प्रदान कर सकते हैं। आज के समय में हमें हर कदम पर सुरक्षित रहने की आवश्यकता है। जिस तरह से अपराध व घटनाएं बढ़ रही हैं। इससे जानकारी द्वारा ही बचा जा सकता है। प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय ने बताया कि विभाग के गाइडलाइन के अनुसार बेहतर ढंग से तीन दिवसीय प्रशिक्षण कराया गया है। कहा कि इस प्रशिक्षण से जनपद के बेसिक शिक्षा में सकारात्मक

### -बच्चों का सर्वांगीण विकास ही शिक्षा का उद्देश्य - संजय शुक्ल

बदलाव देखने को मिलेगा। प्रशिक्षण के संदर्भदाता वंशराज गुप्ता, श्रुति त्रिपाठी, अमित वर्मा और अजीत सिंह ने प्रशिक्षण में सड़क सुरक्षा, कानूनी प्रावधान, शिकायत निवारण, व्यक्तिगत सुरक्षा के बारे में बड़े ही रोचक ढंग से बताया। प्रतिभागियों की ओर से विभिन्न समूहों में प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। कई प्रतिभागियों ने निपुण, स्वच्छता आदि से संबंधित गीत भी प्रस्तुत किया।

प्रशिक्षण में अमन सेन, डॉ गोविन्द, मो. इमरान खान, डॉ रविनाथ, डॉ ऋचा शुक्ला, वंदना चौधरी, कनिष्क सहायक नवनीत वर्मा, रमाकांत गौतम, विनोद कुमार, कुलदीप, विवेक, शिवम, नागेश, संदीप, सूरज आदि ने अपना योगदान दिया। कुलदीप, विवेक, शिवम, नागेश, संदीप, सूरज आदि ने अपना योगदान दिया।

## पात्रों तक पहुंचायें योजनाओं का लाभ- मण्डलायुक्त



–भारतीय बस्ती संवाददाता–

बस्ती । विकास कार्यो की मासिक मण्डलीय समीक्षा बैठक मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में सम्पन्न हुआ। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होने मण्डल के अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने विभाग से संबंधित योजनाओं में लक्ष्य के सापेक्ष शतप्रतिशत प्रगति लाना सुनिश्चित करें, जिससे प्रदेश में जनपद की रैकिंग ए प्लस श्रेणी में आ सकें। उन्होने मण्डल के अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन के समस्त योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों को ही मिले।

उन्होने संयुक्त निदेशक कृषि अविनाश चन्द्र तिवारी को निर्देश दिया कि मण्डल के जनपदों के कृषि गोदामों पर खाद व बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करे कि प्राईवेट संस्थानों से ओवर रेटिंग की शिकायत ना हों। जलजीवन मिशन (हर घर जल) की समीक्षा में उन्होने कार्यो में शिथिलता पाये जाने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यो में तेजी लायें।

बैठक में उन्होने पाया कि शादी अनुदान योजनान्तर्गत बस्ती में शादी हेतु कुल 1189 के सापेक्ष 807, संतकबीर नगर में 1262 के सापेक्ष 813 तथा सिद्धार्थनगर में 1383 के सापेक्ष 1216 अनुमोदित है। भवन निर्माण की समीक्षा में उन्होने पाया कि बस्ती में 4 के सापेक्ष 2, संतकबीर नगर में 81 के सापेक्ष 80 तथा सिद्धार्थ नगर में 15 के सापेक्ष 13 कार्य पूर्ण हो चुके है।

उन्होने सड़क निर्माण, दिव्यांग पेंशन, आधार फीड़िग, 15वॉ वित्त आयोग, पर्यटन विभाग, कृत्रिम गर्भाधान, मत्स्य उत्पादन, अण्डा उत्पादन, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, सेतु निर्माण, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, फसल बीमा, पीएम कुसुम, पं0 दीनदयाल स्ट्रीट लाइट, एकीकृत बागवानी, खराब ट्रांसफार्मर, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास, बायोमेडिकल उपकरण, निराश्रित गोवंश का संरक्षण, प्रोजेक्ट अलंकार, एंबुलेन्स 102 व 108, मोबाइल मेडिकल यूनिट, सिटी स्कैन, दुग्ध मूल्य भुगतान, फैमिली आईडी, निराश्रित महिला पेंशन आधार सीडिंग, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजना तथा पशुओ का टीकाकरण आदि योजना की गहन समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक का संचालन संयुक्त विकास आयुक्त संत कुमार ने किया। इसमें जिलाधिकारी रवीश गुप्ता, संतकबीर नगर महेन्द्र सिंह तंवर, सिद्धार्थ नगर राजा गड़पति आर., सीडीओ जयेंद्र कुमार, जयकेश त्रिपाठी, प्रभारी सीडीओ राजेश कुमार, उपनिदेशक अर्थ एवं संख्या अमजद अली अंसारी, तीनों जिलों के मुख्य चिकित्साधिकारीगण तथा मण्डल के विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पाकिस्तान में आतंकी हमला: 50 की मौत



लाहौर (आभा)। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में कुछ आतंकियों ने यात्री वाहनों के ऊपर हमला करके 50 लोगों को मौत के घाट उतार दिया है। प्रांत के मुख्य सचिव नदीम असलम चौधरी ने बताया कि बंदूकधारियों ने गुरुवार को उत्तर–पश्चिमी पाकिस्तान के एक आदिवासी इलाके में यात्री वाहनों पर गोलीबारी की, जिसमें कम से कम 50 लोग मारे गए और 20 घायल हो गए। हमले को लेकर स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि यात्रियों से भरे हुए तीन वाहन पाराचिनार से खैबर पख्तूनख्वा की राजधानी पेशावर की ओर आ रहे थे, तभी रास्ते में घात लगाकर बैठे आतंकियों ने उन पर अंधाधुंध गोलीबारी शुरू कर दी।

न्यूज एजेंसी के मुताबिक केपीके के कुर्रम आदिवासी इलाके में हुए इस हमले में छह महिलाओं और तीन बच्चों समेत 50 लोगों की मौत हो गई और 20 अन्य घायल हो गए। असलम चौधरी ने बताया कि इस घटना के दौरान गाड़ियों में बहुत लोग सवार थे, घायल हुए 29 लोगों की हालत नाजुक बनी हुई है। मरने वालों की संख्या अभी बढ़ भी सकती है। अफगानिस्तान की सीमा से सटे इस कबायली इलाकों में जमीन विवाद को लेकर शिया और सुन्नी समुदाय के बीच में दशकों से तनाव बना हुआ है। हालांकि अभी तक किसी भी समूह ने इस घटना की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## एन.ए.बी.एच. के मानकों पर खरा उतरा पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कालेज

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कालेज गोटवा का राष्ट्रीय प्रत्यायन बोर्ड (एन.ए. बी.एच.) के सदस्यों ने प्रोफेसर डा. अमित कुमार के साथ सघन निरीक्षण किया। निरीक्षण में सेवायें मानक पर खरी उतरी और डेढ सौ शैय्या वाले हास्पिटल को (एन.ए. बी. एच.) की मान्यता प्रदान हो गई।

यह जानकारी देते हुये पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कालेज के प्रबंधक डा. वी. के. वर्मा ने बताया कि हास्पिटल में चिकित्सा सेवा के सारे मानक नियमानुसार पूरे किये जाते हैं। (एन. ए. बी.एच.) के सदस्यों ने हास्पिटल और समस्त प्रपत्रों की सघन जांच किया। इस मान्यता के बाद अब पटेल एस.एम.एच. हास्पिटल एण्ड पैरा मेडिकल कालेज में कैशलेश चिकित्सा और अन्य सुविधायें उपलब्ध हो गई है। बीमित मरीज भी अपना इलाज करा सकेंगे।

## बस्ती के निर्माण क्षेत्र में निवेश करेगा एम.वी.एच. ग्रुप

–भारतीय बस्ती संवाददाता–




बस्ती । गुरूवार को भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अमरजीत मिश्र ने एम.वी. एच. ग्रुप के शाखा कार्यालय का पटेल चौक पर उद्घाटन किया। उज्जैन महाकाल के सन्तोष गुरू ने विधि विधान से वैदिक मंत्रों के साथ उद्घाटन सम्पन्न कराया। अमरजीत मिश्र ने बताया कि एम.वी.एच. ग्रुप प्रदेश के अनेक जनपदों में फार्म हाउस को विकसित निर्मित कराने के साथ ही ई कार्मस, आई.टी. सल्यूशन, भवन निर्माण, सूचना एवं इलेक्ट्रिक स्कूटी के वितरण के क्षेत्र में कार्य रही है। कम्पनी विभिन्न क्षेत्रों में निवेश का भी कार्य कर रही है।

उद्घाटन अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व विधायक दयाराम चौधरी, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकुर वर्मा, ब्लाक प्रमुख अभिषेक कुमार, पं. सरोज मिश्र, मनोज जायसवाल, मनोज सिंह, विनोद यादव, राजेश सिंह, रंजीत उर्फ पिन्टू यादव राजेश पाल चौधरी, राहुल सिंह, शिवानन्द पाठक, राम पाण्डेय, आशुतोष शुक्ल, भावेष पाण्डेय, मानस मनीष गुप्ता, अमित गुप्ता, प्रदीप चौधरी, यशपाल, आशीष चौधरी, राजन पाण्डेय के साथ ही अनेक विशिष्टजन शामिल रहे।

## जबरिया जोतने लगे खेत, सरदार सेना ने सौंपा ज्ञापन

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। सरदार सेना के जिलाध्यक्ष विनय चौधरी और प्रदेश उपाध्यक्ष चौधरी बृजेश पटेल के साथ संगठन पदाधिकारियों ने गुरूवार को जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। मांग किया कि कलवारी थाना क्षेत्र के गंगापुर माझा निवासी शान्ती निषाद पत्नी सुरेन्द्र निषाद के परिवार को न्याय दिलाया जाय।

डीएम को दिये ज्ञापन में शान्ती निषाद पत्नी सुरेन्द्र निषाद ने कहा है कि 21 नवम्बर की सुबह लगभग 8 बजे कपिलदेव प्रधान, राम प्रसाद प्रधान कई लोगों को साथ लेकर उसके खेत को जबरिया जोतने आ गये। जब सुरेन्द्र निषाद ने ऐसा करने से रोका तो कपिलदेव प्रधान, राम प्रसाद प्रधान ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा और शान्ती के गले की चेन और उसके पति का मोबाइल छीन लिया। शान्ती निषाद ने घटना की सूचना 112 नम्बर पर दिया। मौके पर पुलिस पहुंची किन्तु न्याय दिलाने की जगह वह विपक्षियों को संरक्षण देकर खेत जोतवाने लगी। शान्ती का कहना है कि खेत को लेकर 2023 में सुलह समझौता हुआ था किन्तु विपक्षी उसे नहीं मान रहे हैं। उसने प्रशासन से मांग किया है कि दोषियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कराने के साथ ही जमीन विवाद का निस्तारण कराते हुये उसके परिवार के जान माल की रक्षा कराया जाय।

ज्ञापन सौंपते समय दुर्गावती, केतकी, हरिश्चन्द्र निषाद, केसरा, सुरेन्द्र निषाद, आकाश चौधरी, अंगद गुप्ता, शिव चौधरी, सुपुत्रा निषाद, प्रदीप यादव, मंजीत, अभिषेक चौधरी, अखिलेश प्रजापति, जशोदा निषाद, शहजाद आलम, अमरजीत, राजेश चौधरी के साथ ही सरदार सेना के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

## भोजपुरी गीतों को नया आकाश दे रहे हैं बस्ती के गोविन्द

–भारतीय बस्ती संवाददाता–



बस्ती। ऐसे समय में जब भोजपुरी के गीतों पर अश्लीलता भारी पड़ रही है, बस्ती जनपद के बहादुरपुर विकास खण्ड क्षेत्र के सेमरा चीगन निवासी गोविन्द पाण्डेय के भोजपुरी, अवधी में रचे बसे गीत सुकून के साथ ही संदेश भी दे रहे हैं। जीविका के लिये मुम्बई में गुजर बसर कर रहे गोविन्द अपनी माटी और उसकी परम्पराओं को सहेजे शव्दों को स्वर दे रहे हैं। इसमें रोजी रोटी के लिये पलायन का दर्द, नायक, नायिका की बेबशी, परिवार की जिम्मेदारियों के बीच गोविन्द के गीत आध्यात्मिक हो जाते हैं। उनके सहज गीतों के बोल श्रोताओं में सहज उत्सुकता पैदा करते हैं। 'कौने देशवा से आवेले जहजिया, हमार पिया न अइले'। 'कनवा के बडा बड़ा झाला' बलम अम्बाला से लाई दा' 'गजानन सुन लो अरज हमारी, आइल नवरातन सजल बा बजरिया, जमाना सारा नाच रहल, माई के दुअरिया' जैसे गीत धूम मचा रहे हैं।

गोविन्द पाण्डेय ने बताया कि अब तक उनके 21 गानों को एल्बम में ढाला गया है। आव्या दुबे, मोहन राठौर, ममता रावत, पूजा सिन्हा, प्रीती राज, विक्रान्त पाण्डेय, अमित सिंह आदि ने उनके गीतों को स्वर दिया। आर. घनश्याम, श्रवण, मनोहर एम वर के निर्देशन में गोविन्द के गीतों की यात्रा सहज रूप में आगे बढ रही है। उनके गीतों की ऋंखला वर्ल्ड म्यूजिक चैनल पर उपलब्ध है और लाखों की संख्या में श्रोता उनके गीतों में डूब उतरा रहे हैं। गोविन्द का लक्ष्य अवधी, भोजपुरी और हिन्दी सिनेमा में अच्छे कर्ण प्रिय गीत लिखने का है जिसमें जीवन यात्रा का संदेश छिपा हो। वे निराश मन को नई ताकत दे सके। गोविन्द का मानना है कि पूर्वान्चल की माटी में बहुत कुछ रचा बसा है, उसे सही शव्द मिले तो गीतों के आकाश को ऐसे समय में नवीन ऊर्जा मिलेगी जब गीतों से केवल शरीर हिल रहा है और आत्मा बेचैन है। बहर हाल बस्ती की माटी में रचे बसे गोविन्द से बड़ी उम्मीदें हैं कि वे गीतों के सास, विश्वास और आकाश को नई ऊंचाई देंगे।

*“मुझे अखबार निकालने दो तो मै इस बात की परवाह नहीं करता कि कौन धर्म का नियामक है और कौन कानून का निर्माता”–वेंडेल फिलिप्स*

दैनिक
भारतीय बस्ती
बस्ती 22 नवम्बर 2024 शुक्रवार

## सम्पादकीय

# कैदियों के रिहाई की पहल

यह तथ्य चिंताजनक है कि भारतीय जेलों में क्षमता से अधिक कैदियों को रखा जा रहा है। इन कैदियों में 75 प्रतिशत उन कैदियों का है जो विचाराधीन हैं। ऐसे में केंद्रीय गृह मंत्री की वह घोषणा उम्मीद जगाती है जिसमें कहा गया है कि 26 नवंबर को संविधान दिवस तक अपनी अधिकतम सजा की एक तिहाई अवधि काट चुके कैदियों के लिये न्याय सुनिश्चित करने को लेकर सरकार प्रतिबद्ध है। निस्संदेह, इस पहल का स्वागत किया जाना चाहिए, लेकिन यह न्याय सुनिश्चित करने के मार्ग में चुनौतियां बहुत अधिक हैं। विडंबना यह है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 479 जैसे हालिया विधायी सुधारों के बावजूद प्रणालीगत विसंगतियां बनी हुई हैं। विचाराधीन कैदियों की रिहाई में तेजी लाने के सुप्रीम कोर्ट के रुख ने एक जटिल समस्या के निराकरण की जरूरत को बताया है। दरअसल, नौकरशाही की सुस्त कार्यप्रणाली के चलते जेल में बंद विचाराधीन कैदियों की रिहाई में देरी होती रही है। यही वजह है कि गरीब कैदियों के लिये वित्तीय सहायता के प्रावधान जैसी सहायक योजनाओं के बावजूद क्रियान्वयन असंगत बना हुआ है। जिसके चलते बड़ी संख्या में विचाराधीन कैदी जेलों में बंद हैं। दरअसल, समस्या की जड़ आपराधिक न्याय प्रणाली में निहित रही है। जो सुधारात्मक और पुनर्वास की प्राथमिकताओं वाले न्याय की बजाय दंडात्मक उपायों को प्राथमिकता देती है। वहीं जमानत की शर्तों को उदार बनाने में न्यायिक हिचकिचाहट, पात्र कैदियों की पहचान करने में प्रणालीगत देरी के चलते इस मुद्दे को जटिलता में उलझा देती है। वहीं दूसरी ओर कानूनी सेवा प्राधिकरणों के बजाय जिला कलेक्टरों पर इस योजना की निर्भरता ने इस प्राथमिकता को गौण बना दिया है। दरअसल, जेलों में कैदियों की भीड़ कम करने के लिये देश को प्रतीकात्मक समय सीमा से आगे जाने की जरूरत है। न्याय सुनिश्चित करने के लिये हमें समीक्षा समितियों के माध्यम से पहचान और रिहाई की प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करना होगा, वहीं सामाजिक कार्यकर्ताओं को भी इस पहल में शामिल करना आवश्यक है।

यद्यपि प्रौद्योगिकी एकीकरण और सुधारों के गृहमंत्री अमित शाह के आश्वासन उम्मीद जगाते हैं, लेकिन क्रियान्वयन में तेजी लाने की जरूरत है। निस्संदेह, प्रणालीगत बाधाओं को दूर करने के लिये न्यायपालिका, कानून प्रवर्तन एजेंसियों तथा नागरिक समाज के प्रतिनिधियों को मिलकर कार्य करना चाहिये। हमें याद रखना जरूरी है कि न्याय मिलने में देरी का होना न केवल कैदियों को न्याय से वंचित करना है बल्कि यह संविधान में निहित व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार का भी अतिक्रमण है। निस्संदेह, विचाराधीन कैदियों की दशा में सुधार करना मानवीय गरिमा के प्रति देश की प्रतिबद्धता की परीक्षा भी है। ऐसे में सलाखों के पीछे कैद करीब पांच लाख कैदियों की आवाज को अनसुना नहीं किया जाना चाहिए। यह तार्किक व ठोस कार्रवाई करने का वक्त भी है। तभी विचाराधीन कैदियों को खुली हवा में सांस लेने का मौका मिल सकेगा। यह तथ्य किसी से छिपा नहीं है कि जेलों में जो जरूरत से ज्यादा कैदी भरे हुए हैं उनमें अधिकांश गरीब व वंचित तबके के लोग हैं। उनमें ऐसे गरीब लोगों की संख्या अधिक है जिनकी जमानत लेने वाला भी कोई नहीं है। नीति नियंताओं को याद रखना चाहिए कि जेलों का मकसद परिस्थितिवश अपराध की गलियों में फिसले लोगों के जीवन में सुधार होता है न कि सिर्फ दंडित करना। दुर्दांत व पेशेवर अपराधियों को छोड़ दें तो विषम हालात या आवेश में अपराध कर बैठे कैदियों की सोच बदलकर उन्हें जिम्मेदार नागरिक बनाना जेलों का पहला मकसद होना चाहिए। विगत में सुप्रीम कोर्ट ने भी निर्देश दिया था कि विचाराधीन कैदियों की सामाजिक व आर्थिक परिस्थितियों पर रिपोर्ट तैयार की जाए, ताकि रिहाई की शर्तों में ढील दी जा सके। ऐसे में खचाखच भरी जेलों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिये विचाराधीन कैदियों को समय रहते न्याय दिलाने की जरूरत है। निस्संदेह, भारत जैसे लोकतांत्रिक देश में न्यायिक व्यवस्था का चेहरा मानवीय होना चाहिए। यह नजरिया न केवल प्रगतिशील है बल्कि न्यायपूर्ण भी है। ऐसे में गृह मंत्रालय की न्याय दिलाने की पहल का स्वागत किया जाना चाहिए।

# भ्रष्टाचार की गिरफ्त में आयुष्मान योजना



—रोहित माहेश्वरी—




बीते दिनों गुजरात के अहमदाबाद में आयुष्मान भारत के दो लाभार्थियों की मौत ने हड़कंप मचा दिया है। परिजनों का आरोप है कि ख्याति मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ने योजना के रुपये लेने के लिए अंधेरे में रखकर एंजियोप्लास्टी करते हुए स्टेंट डाले। इसके बाद मौत हुई। केंद्र सरकार की सफल आयुष्मान भारत योजना से पैसा ऐंठने के आरोपों के बाद यह पूरा मामला सुर्खियों में आ गया है। पीड़ित परिवरों के साथ गांव के सरपंच ने जो आरोप लगाए हैं वे उन आरोपों को पुख्ता कर रहे हैं कि मेडिकल माफिया की सरकारी योजनाओं में घुसपैठ है। इसमें गरीब मरीजों के हक के पैसे से कमीशन एजेंट अपनी जेब में भर रहे हैं। दूसरी ओर गरीबों को सही इलाज भी नहीं मिल पा रहा है।

ताजा मामले में अहमदाबाद के ख्याति अस्पताल ने 19 लोगों की एंजियोग्राफी की थी, इसके बाद सात लोगों की एंजियोप्लास्टी करते हुए उन्हें स्टैंड डाले गए थे। इसमें दो की मौत हो हुई है। परिजनों का आरोप है कि उन्हें हृदय रोग की बीमारी नहीं थी। अस्पताल प्रशासन ने एंजियोप्लास्टी करने के दौरान परिजनों को अंधेरे में रखा। गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए हैं लेकिन सवाल खड़ा हो रहा है कि मेडिकल माफिया के काले गठजोड़ से कहीं आयुष्मान योजना जान से खेलने वाली स्कीम न बन जाएं। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथों लिया है।

असल में सेहत और इलाज के सौदागरों ने 'आयुष्मान भारत' योजना में भी भ्रष्टाचार खोज लिया है। निजी अस्पताल लाखों रुपए कमा रहे हैं। फर्जी इलाज किए जा रहे हैं और बीमे के क्लेम भी फर्जी हैं। निजी अस्पतालों की सिंडिकेट लॉबी ने डॉक्टरों को भी भ्रष्ट और अनैतिक होने पर विवश कर दिया है। यदि आप अस्वस्थ हैं और अस्पताल जाने की नौबत आ जाए, तो अस्पताल वाले सबसे पहला सवाल यही करेंगे–आयुष्मान कार्ड है? चूंकि इलाज का खर्च आपको नहीं करना। 'आयुष्मान कार्ड' के जरिए भारत सरकार 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज सुनिश्चित करती है, लिहाजा अस्पताल उस कार्ड के जरिए सरकार से बीमे का क्लेम वसूल लेते हैं। सौदागरों ने आयुष्मान के माध्यम से अपनी अतिरिक्त आमदनी का रास्ता खोज लिया है और उसका भरपूर दोहन किया जा रहा है।

गुजरात की घटना पर मौजू सवाल यह है कि क्या ऑपरेशन करने वाले डॉक्टर वाकई 'कॉर्डियोलॉजिस्ट' थे? क्या ऑपरेशन करना जरूरी था? क्या स्टेंट बेहतर क्वालिटी के थे अथवा सस्ते, घटिया स्टेंट डाल कर मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ किया गया? डॉक्टर फरार बताए जाते हैं, लेकिन उनकी पेशेवर मान्यता का क्या होगा? क्या मान्यता रद्द की जाएगी और डॉक्टर के खिलाफ हत्या का केस चलाया जाएगा? इस संदर्भ में सबसे बड़ा और काला खलनायक तथा अपराधी तो अस्पताल प्रबंधन है।

इस घटना ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पहला सवाल यह है कि अस्पताल प्रशासन की कोई चूक नहीं थी तो डॉक्टरों के साथ तमाम जिम्मेदार क्यों अस्पताल छोड़कर भाग गए। राज्य सरकार ने दो लोगों की मौत और पांच अन्य की तबीयत बिगड़ने की मामले की जांच के आदेश दिए हैं लेकिन पीड़ित परिवार न्याय मांग रहे हैं क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ड्रीम योजनाओं में शामिल आयुष्मान भारत योजना का कार्ड लेकर मेहसाणा के कड़ी तहसील में पड़ने वाले बोरिसाना गांव के लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी है। इसके बाद लोगों में नाराजगी और आक्रोश है। यह पूरा मामला गुजरात के पूर्व डिप्टी सीएम नितिन पटेल के कड़ी तहसील से जुड़ा है। पटेल ने भी पीड़ितों से मिलने के बाद अपनी चिंता व्यक्त की है।

वर्ष 2023 में मध्य प्रदेश में आयुष्मान योजना की खबरें प्रकाशित हुई थी। दरअसल प्रधान मंत्री आयुष्मान योजना की आड़ में पैसे कमाने के लिए राज्य में मरे लोगों का इलाज कागजों पर दिखाया गया और भ्रष्टाचार किया गया। मरे हुए लोगों को आयुष्मान योजना के तहत एडमिट कर पैसे निकाल लिए गए। एमपी में आयुष्मान योजना की दुर्दशा हो रही है। भ्रष्टाचारियों ने आयुष्मान भारत को भ्रष्टाचार का जरिया बना लिया है। भ्रष्टाचार के कई मामले विभिन्न राज्यों में भी प्रकाश में आये हैं, जिनकी जांच जारी है।

भारत के नियंत्रक और महालेखा परीक्षक (कैग) ने अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया है कि आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना में कई फर्जीवाड़े हुए हैं। जिनमें बेनिफिशियरी आईडेंटिफिकेशन सिस्टम के जरिए सबसे बड़ी गड़बड़ी यह सामने आई है कि योजना के लगभग 7.50 लाख लाभार्थियों का मोबाइल नंबर एक ही था। कैग ने अपनी रिपोर्ट 8 अगस्त 2023 को लोकसभा में पेश की, जिसमें सितंबर 2018 से मार्च 2021 तक के परफॉर्मेंस ऑडिट रिजल्ट शामिल किए गए हैं।

कैग की रिपोर्ट में यह बताया गया है कि 43,197 घरों में परिवार का आकार 11 से 201 सदस्यों तक का था। एक घर में इतने सदस्यों का होना न केवल रजिस्ट्रेशन प्रोसेस के दौरान वेरिफिकेशन में फर्जीवाड़े को दिखाता है, बल्कि इस बात की भी संभावना है कि लाभार्थी इस योजना में परिवार की परिभाषा स्पष्ट न होने का फायदा भी उठा रहे हैं।

आयुष्मान योजना का लाभ चंडीगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र और तमिलनाडु में कई पेंशनभोगी उठा रहे हैं। तमिलनाडु सरकार के पेंशनभोगी डेटाबेस की इस योजना के डेटाबेस से तुलना करने पर पता चला कि 1,07,040 पेंशनभोगियों को लाभार्थियों के रूप में शामिल किया गया था।

देश में हर साल बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाओं के अभाव में कई लोगों की जान चली जाती है। आर्थिक रूप से कमजोर होने के कारण ये लोग किसी प्रकार की गंभीर बीमारी होने पर अपना ठीक ढंग से इलाज नहीं करा पाते हैं। इसी समस्या को देखते हुए भारत सरकार ने कुछ सालों पहले आयुष्मान भारत योजना की शुरुआत की थी। इस स्कीम को प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से भी जाना जाता है।

आयुष्मान भारत–प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) के तहत जरूरतमंद लोगों को प्रतिवर्ष पांच लाख रुपये तक का मुफ्त स्वास्थ्य बीमा मुहैया कराया जाता है। इस योजना की शुरुआत 5 फरवरी 2018 में हुई थी। भारत सरकार ने आयुष्मान कार्ड का दायरा बढ़ाया है। अब 70 साल की उम्र वाला प्रत्येक नागरिक यह स्वास्थ्य बीमा पाने का पात्र है। करीब 5 लाख लोगों ने विस्तारित योजना के तहत अपना पंजीकरण भी करा लिया है। करीब 6 करोड़ बुजुर्ग भारतीय इस नई योजना से लाभान्वित होंगे। देखना होगा कि भ्रष्ट व्यवस्था और नैतिक पतन का शिकार यह योजना भी होगी अथवा नहीं।

आयुष्मान की विस्तारित योजना के लिए अलग से किसी बजट का प्रावधान अभी नहीं किया गया है। यकीनन यह योजना बेहद मानवीय और अद्वितीय है, लेकिन राज्यों की ढिलाई, सरकारी अस्पतालों में साधनहीनता और भेड़–बकरी की तरह भीड़, लिहाजा आम आदमी की बढ़ती उदासीनता, निजी अस्पतालों के ऐसे भ्रष्ट और अनैतिक सौदागर, बूढ़े लोगों का अशिक्षित और शारीरिक तौर पर अक्षम होना ऐसे सवाल हैं, जो सोचने को बाध्य करते हैं।आयुष्मान योजना में ही भ्रष्टाचार के आरोप लगते रहे हैं। बहरहाल यह जो मामला बेनकाब हुआ है, उसमें ऐसी कठोर कार्रवाई की जाए कि सौदागरी करने वाले ही भूल जाएं। कमोबेश डॉक्टर के पेशे को तो दैवीय और पवित्र रहने दो। मोदी दावा करते रहे हैं, कि उनके राज में भ्रष्टाचार कम हुआ है, लेकिन यह मामला इस दावे की पोल खोलता है।

# बसपा को उप चुनाव से क्या हासिल..!



—संजय सक्सेना —

उत्तर प्रदेश में हुए उपचुनाव में भाजपा और समाजवादी पार्टी में किसको कितनी सीटें मिलेंगी,इसको लेकर तो चर्चा हो सकती है,परंतु उप चुनाव में जिस तरह का मतदान देखने को मिला उससे यही लगता है कि बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर हासिये पर ही खड़ी नजर आई। किसी भी सीट पर बसपा फाइट करती नहीं दिखी। बसपा सुप्रीमो मायावती के लिये लगता है अब आगे की राह आसान नहीं रह गई है। इसका मुख्य कारण यह भी है कि बसपा का कोर वोटर कहलाने वाले दलितों ने अब भाजपा–सपा के रूप में अपनी नहीं मंजिल चुन ली है।इसी वजह से कमोबेश सभी जगह बसपा मुख्य लड़ाई से गायब दिखी, जिसके चलते भाजपा और सपा सीधी लड़ाई में आ गए हैं। बसपा की तरह ही चन्द्रशेखर आजाद की आजाद पार्टी भी कोई गुल खिलाते नहीं दिखी है। कई सीटों पर दलित मतदाता मुख्य रूप से भाजपा–सपा के बीच बंटे हुए दिखाई दिए, जिसने बीजेपी–सपा के जीत के आकड़े को थोड़ा उलझा दिया है, जिसके पक्ष में दलित मतदाता ज्यादा जायेगें, परिणाम उसी के पक्ष में रहेगा। सबसे बड़ी बात यह रही कि मुरादाबाद की मुस्लिम बाहुल्य कुंदरकी में भाजपा मुस्लिम मतों में सेंध लगाते हुए दिखी, जिसे काफी चौंकाने वाला माना जा रहा है। उधर, कानपुर की सीसामऊ में सपा और भाजपा के बीच कांटे की टक्कर होने को अनुमान है। यहां के करीब 5.0 मतदान केंद्रों में से आधे से ज्यादा में बसपा प्रत्याशी का बस्ता नहीं दिखा।


समाजवादी पार्टी के गढ़ मैनपुरी के कटेहरी उपचुनाव में मतदान से पहले की स्थिति कुछ और थी। तब मुकाबला त्रिकोणीय माना जा रहा था। संभावना थी कि बसपा प्रत्याशी अमित वर्मा अपने सजातीय मतों में सेंधमारी कर सपा को तगड़ी चोट देंगे, लेकिन मतदान के दौरान ऐसा प्रतीत नहीं हुआ। अंत में भाजपा के धर्मराज निषाद और सपा की शोभावती वर्मा के बीच ही सीधा मुकाबला दिखा। हां, बसपा का प्रदर्शन कमल व साइकिल का संतुलन बिगाड़ सकता है। राजनीतिक जानकारों के अनुसार बसपा ने अपने पारंपरिक वोटों के साथ ही जातिगत समीकरण को साधा तो सपा का गणित बिगड़ सकता है।यहां सीधा मुकाबला सपा प्रत्याशी तेजप्रताप यादव और भाजपा प्रत्याशी अनुजेश सिंह में रहा।

मुजफ्फरनगर की मीरापुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में कई जगह पुलिस और वोटरों के बीच नोकझोंक होते दिखी। यहां मुकाबला बीजेपी समर्थित रालोद प्रत्याशी मिथलेश पाल और सपा प्रत्याशी सुम्बुल राना के बीच सिमटता हुआ नजर आया। बसपा और आसपा प्रत्याशियों के बीच तीसरे नंबर की लड़ाई दिखी। मुस्लिम मतों की अधिकता वाले गांव के मत प्रतिशत से नतीजे तय होने के आसार बन गए हैं।अति पिछड़ा वर्ग और जाट मतों की अधिकता वाले गांव में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में रुझान नजर आया। भोकरहेड़ी, करहेड़ा, बेलड़ा समेत अन्य गांवों में रालोद प्रत्याशी के पक्ष में मतदाताओं की लामबंदी दिखी। मुस्लिम मतों की अधिवक्ता वाले ककरौली, सीकरी, मीरापुर, जटवाड़ा, जौली में सुबह मुस्लिम मतदाता सपा, बसपा और आसपा के बीच बंटते नजर आए। ककरौली में पथराव के बाद मुस्लिम मतों की लामबंदी सपा प्रत्याशी के समर्थन में अधिक दिखी। मीरापुर में अनुसूचित जाति के मतदाताओं में बिखराव नजर आया। युवाओं ने आसपा को तरजीह दी, जबकि अन्य मतदाताओं की पहली पसंद बसपा नजर आई। गुर्जरों के मतों के बंटवारे पर भी सबकी निगाह बनी हुई है।

प्रयागराज की फूलपुर विधानसभा उपचुनाव में करीब एक दर्जन प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे थे लेकिन, मुख्य मुकाबला भाजपा–सपा के बीच है। कुछ इलाकों में सपा भारी दिखाई दी तो कुछ में भाजपा। दलित वोटरों ने किसके पक्ष में मतदान किया, इस पर परिणाम तय होगा। उधर, अलीगढ़ की खैर सीट पर भी सपा और भाजपा प्रत्याशी के बीच सीधी टक्कर दिखी।

बसपा का मत प्रतिशत गिरने के बाद यह चर्चाएं शुरू हो गईं कि उसका कोर वोट बैंक उसका साथ छोड़ रहा है। हालांकि, बसपा सुप्रीमो मायावती लगातार यह कहती आ रही हैं कि सोशित व वंचित समाज के लोग आज भी उसके साथ वैसे ही जुड़े हुए हैं। अब देखना होगा कि विधानसभा उपचुनाव में उसके लिए कितना लाभदायक साबित हुआ। उपचुनाव वाली सीटों पर विधानसभा चुनाव 2022 में बसपा तीसरे और चौथे स्थान पर रही थी। सिर्फ खैर सीट पर ही वह दूसरे नंबर पर पहुंची थी। बसपा ने उपचुनाव में सोशल इंजीनियरिंग के फार्मूले पर उम्मीदवार उतारते हैं। अब देखने वाला होगा कि बसपा अपने रणनीति में कितना सफल होती है। उसके लिए यह उपचुनाव कई मायनों महत्वपूर्ण है। पहला, उसे मत प्रतिशत बढ़ाते हुए यह साबित करना होगा कि उसका वोट बैंक आज भी उसके साथ है, दूसरा यह कि मीरापुर व कुंदरकी में उनके मुस्लिमों उम्मीदवारों को कितना पसंद किया गया।

# क्रिकेट की पिच पर पाक को शिकस्त



—हरीश मलिक—



क्रिकेट अनिश्चितताओं का खेल है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) राजनीति की पिच पर हार सुनिश्चित होने के बावजूद खेल खेलने में लगा है। पाकिस्तान के हुक्मरानों की शह पर वह जो चालें चल रहा है, उसमें खुद ही फंसकर रह गया है। अगले साल पाकिस्तान में होने वाली चौंपियंस ट्रॉफी के लिए पीसीबी क्रिकेट में सियासत की बिसात बार–बार बिछाने में लगा है। यह अलग बात है कि इस चौसर पर वह खुद चारों खाने चित है। पहले दुनियाभर का ध्यान खींचने के लिए पीसीबी ने चौंपियंस ट्रॉफी का टूर पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) के शहरों में कराने का ऐलान किया। इसके साथ ही वह इस जिद पर अड़ा था कि भारत को पाकिस्तान आकर ही इस ट्रॉफी में खेलना होगा। अब दोनों ही मोर्चों पर भारत, इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) और ब्रॉडकास्टर्स के तिहरे दबाव के बाद पाकिस्तान को मुंह की खानी पड़ी है।

भारत ने चौंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान जाकर खेलने से पहले ही साफ इनकार कर दिया है। सुरक्षा कारणों से पहले भी कई देश पाकिस्तान का दौरा रद्द कर चुके हैं। दरअसल, 2009 में श्रीलंकाई टीम पाकिस्तान के दौरे पर थी। सीरीज का पहला मैच 21 से 25 फरवरी तक कराची में खेला गया था, जो ड्रा रहा। दूसरा मैच लाहौर में 1 मार्च से 5 मार्च तक खेला जाना था, लेकिन इसी बीच 3 मार्च को श्रीलंकाई टीम पर आतंकी हमला हो गया। इसके बाद दुनियाभर की टीमों ने खेलने के लिए पाकिस्तान जाने से मना कर दिया था। सुरक्षा कारणों का हवाला देते हुए 2021 में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम पाकिस्तान दौरे पर आकर बगैर कोई मैच खेले, वापस लौट गई थी। इसके बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान दौरे पर अपनी महिला और पुरुष टीमों को भेजने का फैसला रद्द कर दिया। भारतीय क्रिकेट टीम तो पिछली बार 2008 में एमएस धोनी की अगुवाई में पाकिस्तान गई थी। इसी साल नवंबर में मुंबई पर आतंकी हमले के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान में क्रिकेट खेलने से मना कर दिया था। तब से दोनों टीमें सिर्फ आईसीसी और अन्य इंटरनेशनल टूर्नामेंट्स में ही भिड़ती हैं।

अब काफी जद्दोजहद और 29 साल के बाद पाकिस्तान को किसी आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी का मौका मिला है। इसके बावजूद पाकिस्तान अपनी नापाक करतूतों से बाज नहीं आ रहा है। दरअसल, सुरक्षा कारणों के चलते बीसीसीआई ने आईसीसी से अपने मैच हाइब्रिड मॉडल के तहत किसी दूसरे देश में कराने का आग्रह किया था। लेकिन पीसीबी लगातार हाइब्रिड मॉडल अपनाने से मना करता रहा है। इस पर आईसीसी ने साफ कहा कि पाक की जिद के चलते चौंपियंस ट्राफी को ही रद्द किया जा सकता है। क्योंकि भारत के बगैर क्रिकेट के किसी वैश्विक टूर्नामेंट की कल्पना ही नहीं की जा सकती। भारत और आईसीसी के अलावा मैच के ब्रॉडकास्टर्स ने भी पाक पर दबाव बनाया है कि उसे इस बात को बिल्कुल इश्यू नहीं बनाना चाहिए कि भारतीय टीम पाकिस्तान नहीं आ रही है। टूर्नामेंट रद्द होने का सबसे ज्यादा आर्थिक नुकसान पाक को ही उठाना पड़ेगा।

दरअसल, ब्रॉडकास्टर्स का आईसीसी के साथ 2024 से 2027 तक के सभी टूर्नामेंटों के लिए 3 बिलियन डॉलर (करीब 2534 करोड़ रुपये) का करार है। यदि चौंपियंस ट्रॉफी स्थगित होती है तो ब्रॉडकास्टर्स को करोड़ों रुपये का नुकसान होगा। बता दें कि 2023 वनडे विश्व कप से ब्रॉडकास्टर्स को 3000 करोड़ रुपये से ज्यादा की कमाई हुई थी। ब्रॉडकास्टर्स ने आईसीसी पर दबाव बनाया कि टूर्नामेंट का आयोजन किसी भी हाल में होना चाहिए, फिर भारतीय टीम चाहे किसी और देश में खेले। आईसीसी ने पीसीबी के अधिकारियों को साफ तौर पर कहा कि उसे अड़ियल रवैये के बजाय इस टूर्नामेंट से होने वाले मुनाफे के बारे में सोचना चाहिए। गौरतलब है कि 2023 वनडे विश्व कप में बीसीसीआई को करीब 11,637 करोड़ रुपये की कमाई हुई थी। इसी प्रकार 2022 टी–20 विश्व कप में 358 करोड़ रुपये से अधिक का फायदा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया को हुआ था।

अभी कुछ समय पहले तक पाकिस्तान के कई पूर्व क्रिकेटर भी सोशल मीडिया पर हाइब्रिड मॉडल नहीं अपनाने और टूर्नामेंट का बहिष्कार करने की मांग कर रहे थे, लेकिन अब आर्थिक नुकसान के आंकड़े देखते हुए उनके भी सुर बदलने लगे हैं। आखिरकार ना–नुकर कर रहे पाकिस्तान को घुटने टेकने ही पड़े हैं। अब इस बात पर करीब–करीब सहमति बन गई है कि भारत के मुकाबले हाइब्रिड मॉडल पर यूएई में होंगे। इसके अलावा सेमीफाइनल और फाइनल वहीं कराए जाएंगे, क्योंकि यदि भारत यहां तक का सफर तय कर लेता है तो फिर विवाद की स्थिति को टाला जा सकता है।

हाइब्रिड मॉडल पर अड़ंगे के अलावा पाकिस्तान ने खेल में राजनीति करते हुए विवादित पीओके का मुद्दा गरमा दिया था। पीसीबी ने चौंपियंस ट्रॉफी का 24 नवंबर तक का टूर घोषित किया। पीसीबी ने एक पोस्ट में कहा, 'तैयार हो जाओ, पाकिस्तान। आईसीसी चौंपियंस ट्रॉफी–2025 का टूर इस्लामाबाद से शुरू होगा, जिसमें स्कार्दू, मुरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे दर्शनीय पर्यटन स्थलों का भी दौरा किया जाएगा।' पीसीबी ने जानबूझकर दुनिया का ध्यान खींचने के लिए पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के इन चारों शहरों को टूर में शामिल किया। भारत का कहना रहा है कि यह हमारे देश का हिस्सा हैं, जिस पर पाकिस्तान ने कब्जा जमाया हुआ है।

ऐसे में विवादित क्षेत्र में जान–बूझकर चौंपियंस ट्रॉफी टूर ले जाने को कतई उचित नहीं ठहराया जा सकता था। इसलिए भारत ने इस पर सख्त आपत्ति दर्ज की। इसके साथ ही बीसीसीआई ने तत्काल आईसीसी को दखल देकर पीओके में टूर पर रोक लगाने की मांग की। आईसीसी ने चौंपियंस ट्रॉफी के पीओके के टूर पर न सिर्फ रोक लगा दी है, बल्कि इसे रि–शेड्यूल करने के लिए भी कहा है। बहरहाल, पाकिस्तान की भारत–विरोधी सारी नापाक कोशिशों पर पानी फिर गया है।–लेखक वरिष्ठ संपादक हैं।

